हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 नवंबर 2025

04 किसान कर्ज में डूबा, 800-1200 रुपए क्विंटल में...



07 कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली गई पेट्रोल व्यय...





## खबर संक्षेप

### आज होगी शिव परिवार शीतला माता, हनुमान प्रतिमा की स्थापना

**सीहोर।** बुधवार सुबह शहर के चाणक्यपुरी में राजराजेश्वरी माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा। माँ राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति द्वारा अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में बीते दिनों से शिव परिवार शीतला माता व संकट मोचन हनुमानजी महाराज की प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन समिति के पंड़ित सुनील शर्मा ने बताया कि कथा वाचक पं. रविन्द्राचार्य शर्मा द्वारा प्रीतिदिन शिव महापुराण कथा का वाचन श्रद्धालुओं के समक्ष किया जा रहा था। मंदिर के पूजारी पंडित संजय तिवारी, पंड़ित शेलेश तिवारी, पंड़ित अखिलेश शास्त्री, पंडित वीरेंद्र शास्त्री, पंड़ित अनमोल शास्त्री द्वारा वैदमंत्र उच्चारित कर शिव परिवार की पूजा अर्चना कर पूर्ण आहुति के साथ सभी धार्मिक कार्यक्रम आज संपन्न कराए जाएंगे। नागरिकों से माँ राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### 6 साल की मासूम को न्याय दिलाने आज बंद रहेगा बाजार

**सीहोर।** रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 वर्षीय मासूम के साथ हुए दुष्कर्म की घटना ने सीहोर के सकल हिंदू समाज में गहरा आक्रोश भर दिया है। आरोपी सलमान के घटना के 100 घंटे से अधिक समय बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहने के विरोध में मंगलवार को आयोजित सकल समाज की बैठक में निर्णय लिया गया है। मासूम को शीघ्र न्याय दिलाने 26 नवंबर को शहर का बाजार पूरी तरह से बंद रहेगा। सीहोर बजरंग दल के जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा ने इस दौरान जिले के पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में लगातार संवेदनशील मामले सामने आ रहे हैं, फिर भी प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। मेवाड़ा ने बताया कि सीहोर जिले में बीते कुछ दिनों में इछावर में लव जिहाद, सीहोर-इछावर में धर्मांतरण और दोराहा में गौवंश से संबंधित मामले सामने आए हैं, बावजूद इसके जिले का पुलिस व प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। मेवाड़ा ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीहोर में सकल हिंदू समाज ने बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है।

## शराब की दुकान बंद करा दो, 8 गांव की महिलाएं परेशान, जुआ-सट्टा भी बढ़ा

# घूंघट में कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाएं बोलीं, शराब ने कर दिया जीवन खराब, घर का सामान तक बेच देते हैं पति

### सरपंच की अगुवाई में चुपाड़िया समेत 8 गांवों की महिलाएं जनसुनवाई में बोलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शराब की दुकान से परेशान होकर सीहोर के चुपाड़िया गांव और उसके आसपास के सात अन्य गांवों की महिलाएं मंगलवार को अपनी समस्या लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं। सरपंच सुनीता मुकेश परमाल की अगुवाई में घूंघट में आई इन महिलाओं ने जनसुनवाई में मौजूद अफसरों से गुहार लगाई कि गांव में खोली गई शराब की दुकान को तत्काल बंद कराया जाए। महिलाओं ने अधिकारियों को बताया कि गांव में शराब का ठेका खुलने के बाद से उनकी जिंदगी नरक बन गई है।

#### पति करते हैं रोज मारपीट

महिलाओं ने बताया कि नशा करने के लिए हमारे पति रोज मारपीट करते हैं। घर गृहस्थी का सामान, यहां तक कि अनाज तक बेच देते हैं। शराब ने हमारा जीवन खराब कर दिया है और इसके कारण युवा बच्चों के नये रिश्ते भी नहीं हो पा रहे हैं।



#### क्षेत्रों में नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा, घरों में आए दिन लड़ाई-झगड़े हो रहे

महिलाओं ने बताया कि चुपाड़िया से लगे गांव जैसे बमुलिया खीची, मोलूखेड़ी, सेवखेड़ी, चाचाखेड़ी, लसुड़िया, सियाखेड़ी और अन्य गांवों की महिलाएं भी शराबी पतियों, बेटों और रिश्तेदारों से परेशान हैं। इन क्षेत्रों में नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। महिलाओं ने कहा कि चुपाड़िया में शराब की दुकान के कारण बच्चों का स्कूल जाना, श्रद्धालुओं का मंदिर जाना और बाहर के रिश्तेदारों का आना भी मुश्किल हो गया है। शराबी आपस में लड़ते हैं, गालियां देते हैं और क्षेत्र में जुआ सट्टा भी शराब के कारण बढ़ रहा है। घरों में आए दिन लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। सरपंच सुनीता परमाल ने बताया कि वे कई बार दुकान हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। चुपाड़ियां और अन्य गांवों की नंदलाल, सीमा, सुनीता, गेंदकुंवर, विष्णु, कांता, गुड्डी, सुमित्रा, नर्मदा, साजन, मधु, चांद बाई, कविता आदि महिलाओं ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

## सड़क पर घिसटाने से शुभम की चमड़ी निकली, पुलिस का 'ढीलपोल' रवैया

### 1.28 मिनट के वीडियो में दिखा मौत का मंजर

**सीहोर।** शहर से निकले पुराने हाईवे सौया चौपाल मुगीसपुर में शुक्रवार रात 9.45 बजे हुए भीषण हिट एंड रन हादसे में घायल शुभम वर्मा की हालत चार दिन बाद भी अत्यंत नाजुक बनी हुई है। कार चालक ने न केवल बाइक को टक्कर मारी, बल्कि शुभम को कार के बम्पर में फंसाकर काफी दूर तक घसीटा, जिससे उसके शरीर की चमड़ी निकल गई। शुभम के वायरल हो रहे फोटो इतने दयनीय हैं कि लोग इसे 'तालीबानी क्रूरता' बता रहे हैं। गंभीर रूप से घायल शुभम को रविवार को नर्मदा ट्रॉमा सेंटर से एम्स भोपाल शिफ्ट किया गया है, जहां सिर में गंभीर चोट के कारण डॉक्टर अभी सर्जरी नहीं कर रहे हैं। परिजन दो लाख रुपए खर्च कर चुके हैं और अब आर्थिक मदद जुटा रहे हैं। हादसे में शुभम के रिश्ते के भाई कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस बीच घटना का 1.28 मिनट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार कार बाइक सवारों को टक्कर मारकर भागती नजर आ रही है।




**पुलिस 15 किमी दूर कार मालिक तक नहीं पहुंची :** एक तरफ जहां पीड़ित परिवार दोहरे संकट बेटे की मौत और शुभम का जीवन-मौत से संघर्ष से जूझ रहा है, वहीं मंडी थाना पुलिस का रवैया अत्यंत ढीलपोल जैसा बना हुआ है। हादसे के चार दिन बाद भी पुलिस 15 किलोमीटर का सफर तय कर चितोडिय़ा लाखा निवासी कार मालिक भोपाल सिंह वर्मा के घर तक नहीं पहुंची है।

#### पुलिस का रटा रटाया जवाब

इधर मंडी थाना पुलिस केवल एफआईआर दर्ज कर जांच जारी होने का रटा रटाया बयान दे रहे हैं। इधर परिजनों के अनुसार कार की नंबर प्लेट भी परिजन ने खुद ले जाकर पुलिस को दी थी, तब जाकर कार की शिनाख्त हो सकी।

## एनएच-46 पर विहिप-बजरंग दल ने गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा

**सीहोर।** भोपाल-ब्यावरा मार्ग एनएच-46 पर दोराहा के बरारी जोड़ के पास मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौवंश तस्करी के एक शातिर प्रयास को नाकाम कर दिया। तस्करों ने पुलिस और आम लोगों को चकमा देने के लिए ट्रक के भीतर गौवंश को छुपाने का ऐसा तरीका अपनाया था, जिसे देखकर मौके पर मौजूद सभी लोग हैरान रह गए।

विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भरकर गौवंश को अवैध तरीके से ले जाया जा रहा है। तस्करी के इस तरीके की खबर मिलते ही कार्यकर्ता तुरंत हरकत में आए। सबसे गंभीर बात यह थी कि तस्करों ने ट्रक को पकड़ से बचाने के लिए एक नई तरकीब का इस्तेमाल किया था, जिसमें ट्रक के ऊपर के हिस्से में पूरी तरह से बोरे के खाली वारदाने (बंडल) भरे हुए थे, जिससे ऐसा लगे कि ट्रक में केवल खाली बोरे ले जाए जा रहे हैं, जबकि बोरे के बंडलों के ठीक नीचे, एक जाली लगाई गई थी। इस जाल के नीचे गौवंश को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। यह व्यवस्था इसलिए की गई थी ताकि पुलिस या जांच दल केवल ऊपर बोरे के बंडल देखकर ट्रक को जाने दे और गौवंश की तस्करी को आसानी से अंजाम दिया जा सके।

#### कार्यकर्ताओं ने रोका ट्रक

जैसे ही कार्यकर्ताओं को ट्रक के गुजरने की सूचना मिली बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रक को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी।

जब विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता ट्रक के ऊपर चढ़े और संदेह होने पर बोरे के बंडलों को हटाना शुरू किया तो मौके पर मौजूद पुलिस और कार्यकर्ताओं के होश उड़ गए। बोरे के बंडलों को हटाते ही नीचे जाली के भीतर ठूंस-ठूंस कर भरा गया गौवंश नजर आया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 45 आवेदनों पर की सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर जमील खान, वंदना राजपूत, एसडीएम तनमय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसींवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण-** 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया

# भाजपा नमं के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को भाजपा नगर मंडल द्वारा पीएम एक्सीलेंस पीजी कॉलेज में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भोपाल क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा यहां पर विद्यार्थियों ने पौधों का संरक्षण का संकल्प लिया।इस मौके पर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि देश के पीएम मोदी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत सांसद शर्मा के जन्म दिन के मौके बड़ी संख्या में पौधा रोपण का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ लगाए पेड़ों से हमारी धरती का भी सौंदर्य बढ़ेगा। इसलिए पौधा रोपण के साथ संरक्षण जरूरी है, लेकिन दिन-प्रतिदिन कट रहे हरे पेड़ इस नाम को फीका कर रहे हैं। यह गंभीर मामला है और हमारे जीवन से भी जुड़ा है। इसलिए हम सभी को मिलकर पौधे लगाने चाहिए और उनके बड़े होने तक देख-भाल भी करनी चाहिए। क्योंकि इन पेड़-पौधों से ही हमें जीवन के रूप में सांसे मिलती हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेता रमाकांत समाधिया पवन जैन मनोज शर्मा जितेंद्र यादव अनिल परमार दीपक राठौऱ समीर सेन तुषार सोनी अरविंद जाट अरविंद मेवाड़ कॉलेज प्राचार्य रोहिताश्व शर्मा सभी शिक्षक, छात्र-छात्रा एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### 350 किलो महुआ लाहन व 30 लीटर कच्ची मदिरा जब्त

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन और विक्रय के विरूद्ध निरंतर कार्यवाहियां की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि इछावर तहसील के ग्राम बिछोली, जामली एवं फांगिया में आबकारी विभाग की टीम द्वारा दबिश दी गई और आबकारी अधिनियम के तहत 05 प्रकरण कायम किए गए।

### 8 आईएएस नोडल अधिकारी नियुक्त

**सीहोर।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत प्रदेश के चयनित जिलों के लिए राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला नोडल अधिकारी, भारत सरकार द्वारा निर्धारित टेम्पलेट्स अनुसार योजना के क्रियान्वयन के लिए अपने मार्गदर्शन में आवंटित जिलों की जिला कार्य योजना तैयार कराकर विकसित पोर्टल पर अपलोड करायेंगे एवं जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित रूप से निगरानी एवं सघन अनुश्रवण करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालक अजय गुप्ता को उमरिया, वि.क.अ., सह आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी समिति मनोज पुष्प को डिंडौरी, प्रबंध संचालक, मत्स्य महासंघ निधि निवेदिता को अलीराजपुर, प्रबंध संचालक, कृषि विपणन बोर्ड सह आयुक्त मंडी कुमार पुरूषोत्तम को शहडोल, उप सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संतोष कुमार वर्मा को सीधी, सदस्य सचिव नीति आयोग ऋषि गर्ग को निवाड़ी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रोजगार गांरटी परिषद अवि प्रसाद को टीकमगढ़ और उप सचिव, नर्मदा घाटी विकास राहुल धोटे को अनूपपुर का जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ति ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ति एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

### 2.75 लाख क्विंटल मक्का औने-पौने दाम में बिका

# किसान कर्ज में डूबा, 800-1200 रुपए क्विंटल में बिक रही फसल, लागत भी नहीं निकल रही

अब तक कृषि उपज मंडी में करीब 2 लाख 75 हजार क्विंटल मक्का की नीलामी हो चुकी है, लेकिन किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा



केंद्र सरकार जहां "किसानों की आय दोगुनी" करने का दावा कर रही है, वहीं मध्यप्रदेश का मक्का किसान आज सबसे बड़े संकट के दौर से गुजर रहा है। सीहोर जिले की भैरुंदा तहसील, जो कभी मक्का उत्पादन का प्रमुख केंद्र मानी जाती थी, आज घाटे, कर्ज और बदहाली की कहानी बयां कर रही है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि किसान के सामने दो वक्त की रोटी, बच्चों की पढ़ाई और अगली फसल की बुवाई तक का संकट खड़ा हो गया है।

इस वर्ष खरीफ मौसम में भैरुंदा तहसील में लगभग 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का की बुवाई की गई थी। अब तक कृषि उपज मंडी में करीब 2 लाख 75 हजार क्विंटल मक्का की नीलामी हो चुकी है, लेकिन किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पाया। मंडी में मक्का का भाव 800 से 1200 रुपये प्रति क्विंटल के बीच ही सिमट कर रह गया है, जो उत्पादन लागत से भी आधा है। हालांकि कहीं-कहीं अच्छी गुणवत्ता का मक्का बेहतर दाम पर बिका, लेकिन अधिकांश किसानों की उपज इन्हीं बेहद कम भावों में खरीदी गई।

**एथेनॉल नीति बनी किसानों के लिए अभिशाप :** किसानों का आरोप है कि केंद्र सरकार की एथेनॉल नीति इस संकट की सबसे बड़ी वजह बन गई है। एथेनॉल उत्पादन के लिए अब मक्का के बजाय चावल और धान को प्राथमिकता दी जा रही है। जो प्लांट पहले बड़ी मात्रा में मक्का की खरीदी करते थे, वे अब केवल 10 से 15 प्रतिशत ही मक्का खरीद रहे हैं। इससे बाजार में मांग गिर गई और कीमतें धराशायी हो गईं।

#### अब आर-पार की लड़ाई होगी- किसान संगठन

किसान स्वराज संगठन के प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह जाट ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है हमें भीख नहीं, हमारी फसल का सही दाम चाहिए। अगर सरकार ने जल्द एमएसपी पर खरीदी शुरू नहीं की और एथेनॉल प्लांट्स को मक्का खरीदने का आदेश नहीं दिया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदेश के कई जिलों में किसान पहले ही सड़कों पर उतर चुके हैं। धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम की स्थिति बनने लगी है। किसानों का कहना है कि अब यह सिर्फ फसल का नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई बन चुकी है। किसानों के हित में किसान स्वराज संगठन ने की प्रमुख मांगें जिनमें मक्का की तत्काल एमएसपी पर सरकारी खरीदी शुरू की जाए। एथेनॉल प्लांट्स को अनिवार्य रूप से मक्का खरीदने का आदेश दिया जाए। नुकसान झेल रहे किसानों को सीधा मुआवजा दिया जाए। कम भाव पर बिक चुके मक्के का फर्क (अंतर) भुगतान किया जाए शामिल है। आज मक्का के दाम लगभग 10 वर्ष पुराने स्तर पर पहुंच चुके हैं, जबकि लागत कई गुना बढ़ चुकी है। यदि समय रहते सरकार ने ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो हजारों किसान अपनी जमीन बेचने और खेती छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे। यह केवल भैरुंदा या सीहोर का नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था का गंभीर सवाल है। किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ है। उसकी अनदेखी का परिणाम आने वाले समय में पूरे देश को भुगतना पड़ सकता है। अब जरूरत है कि सरकार जमीन पर उतरकर तुरंत ठोस निर्णय ले, ताकि किसान को राहत मिल सके और वह फिर से खेती की ओर आशा की नजर से देख सके।

#### लागत 1,800–2,200, भाव मात्र 800–1200 किसान कर्ज में डूबा

एक एकड़ में मक्का की खेती पर बीज, खाद, दवा, सिंचाई, मजदूरी और परिवहन सहित 20 हजार से 24 हजार रुपये तक का खर्च आता है, जबकि औसत उत्पादन 15–16 क्विंटल प्रति एकड़ रहता है। यदि फसल 900–1000 रुपये प्रति क्विंटल बिके, तो किसान को प्रति एकड़ हजारों रुपये का सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। यही वजह है कि कई किसान अपनी उपज मंडी में ही छोड़ने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि वे दिन-रात मंडी में बैठे रहते हैं, लेकिन खरीदार उचित दाम नहीं दे रहे। जिससे किसान कर्ज में डूबा हुआ है। कर्ज का बोझ दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। अनेक किसान रबी की फसल की बुवाई के लिए भी मजबूरी में कर्ज लेने को विवश हो गए हैं, जिससे स्थिति और भयावह होती जा रही है।




### हमारे पास क्या सबूत है कि हमने गणक पत्रक जमा कर दिया है: राजीव गुजराती



**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी कर बताया कि मतदाता सुचि के विशेष गहन पुर्ननिरिक्षण यानि एसआईआर में सीहोर जिले में कई सारे मतदान केन्द्र पर बीएलओगण द्वारा मतदाताओं को गणक फॉर्म सिंगल कॉपी में वितरण किया गया था। अब मतदाता बीएलओ के साइन से पावती मांग रहे तो नहीं मिल रही है, जबकी नियम बीएलओ के साइन की पावती का है। ऐसे में मतदाता गण में भ्रम की स्थिति है कि आखिर हमारे पास सबूत क्या है कि हमने हमारा गणक पत्र भर के जमा कर दिया है। जिला निर्वाचन कार्यालय इस भ्रम की स्थिति को दूर करे।

### आदित्य ने की पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में सहभागिता



**सीहोर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर (मध्य क्षेत्र) 2025 का आयोजन आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्यप्रदेश में दिनांक 5 नवंबर से 14 नवंबर तक किया गया। जिसमें बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ अंतर्गत महात्मागांधी महाविद्यालय सीहोर की रासेयो इकाई के स्वयंसेवक आदित्य गौर ने सहभागिता की। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में मध्य प्रदेश के 40 स्वयंसेवकों सहित 6 राज्य के 200 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की तथा शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश के 8 स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2026 नई दिल्ली में सहभागिता के लिए होगा। आदित्य के द्वारा शिविर में मध्य प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक लोक नृत्य एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी एवं अन्य राज्य की संस्कृति को जाना। शिविर में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रासेयो का साक्षात्कार की चयन प्रक्रिया की गई।

आदित्य कि इस उपलब्धि पर महात्मा गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य हलीम खान व संचालक ज्योति शर्मा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र वर्मा वरिष्ठ स्वयंसेवक अमित शर्मा, शिवानी प्रजापति, आशीष मेवाड़ा व यशराज सहित समस्त रासेयो परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

### बहुप्रतिक्षित मांगों को लेकर महासम्मलेन 27 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 के जिलाध्यक्ष छुट्टन चावरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नगर पालिका सहित समस्त विभागों के कर्मचारियों की मांगों के सम्बंध में जिला स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन दिनांक 27 नवम्बर 2025, दिन गुरुवार को दोपहर 01 बजे स्थानीय बालबिहार ग्राउण्ड, पुरानी कलेक्ट्रेट के पास, सीहोर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को प्रताप करोसिया कैबिनेट मंत्री रैंक, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग मध्य प्रदेश सम्बोधित करेगें। उक्त आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधिगण एवं पदाधिकारीगण उपस्थिति रहेगें। इस हेतु तहसील अध्यक्ष दिनेश वैद्य जावर, शहर अध्यक्ष अशोक वैद्य, अशोक चौहान सीहोर, प्रदीप वेद, स्थापना बाबू नगर परिषद जावर रोहित चिंतामणि, धर्मेंद्र फतरोड़, शहर उपाध्यक्ष, भैरुंदा, रेहटी, बुधनी, इछावर के सभी पदाधिकारी से महासम्मेलन के विषय में चर्चा की और निमंत्रण पत्र सौंपा गया।

### दस्तावेज सत्यापन व शारीरिक दक्षता परीक्षण 5 को

**सीहोर।** ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिये मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा लाइन परिचारक (नियमित) के पदों को भरने के लिए प्रथम प्रतीक्षा सूची में प्रावधिक रूप से चयनित 35 आवेदकों की सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचना जारी की गई है। कंपनी द्वारा लाइन परिचारक के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक, त्त कार्यालय में 5 दिसंबर को किया जाएगा।

## गाय बचाने के प्रयास में कार-बाइक की टक्कर, महिला व दो मासूम गंभीर

**भैरूंदा।** भैरूंदा–सीहोर मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर ग्राम बीजला के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अचानक सड़क पर आई एक गाय को बचाने की कोशिश में कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार महिला और दो मासूम बच्चों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 5–6 वर्षीय बच्ची के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं, जबकि 10 महीने के मासूम के सिर में गहरी चोट आई है।

हादसे के बाद एक राहगीर ने मानवता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत भैरूंदा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र में आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है।



**गाय बचाने के प्रयास में मौत की टक्कर :** तहसील क्षेत्र के भैरूंदा–सीहोर मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ग्राम बीजला के पास एक बेकाबू कार सामने से आ रही बाइक से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में सवार लोग नरसिंहगढ़ क्षेत्र के साबर परिवार के सदस्य हैं, जो छीपानेर में एक शोक-संवेदना कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक गाय सड़क पर आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में कार सीधे बाइक से भिड़ गई।

बाइक पर छिदगांव मौज़ी निवासी जीवन सिंह अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ सवार थे। टक्कर इतनी भयानक थी कि सभी सड़क पर गिर पड़े। 5–6 वर्ष की बेटी के दोनों पैर टूट गए, जबकि 10 माह के मासूम के सिर में गंभीर चोट आई है। जीवन सिंह को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं और उनकी पत्नी की कमर में गंभीर चोट बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद मौके से गुजर रहे एक सजग राहगीर ने बिना देर किए सभी घायलों को अपने वाहन में डालकर भैरूंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी घायलों को भोपाल रेफर कर दिया।

#### आवारा मवेशी बन रहे दुर्घटनाओं की वजह

भैरूंदा तहसील की मुख्य सड़कों और ग्रामीण मार्गों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बीजला क्षेत्र को स्थानीय नागरिक पहले से ही संवेदनशील मानते आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे मवेशियों के लिए अलग व्यवस्था की जाए, रात्रि में गश्त बढ़ाई जाए और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का जाना हालचाल, वितरित किए कंबल

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. सीहोर के संकल्प वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां रह रहे बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की। कलेक्टर ने प्रत्येक बुजुर्गों का हालचाल पूछा, उनके स्वास्थ्य एवं सुविधाओं की जानकारी ली और सर्दी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बुजुर्गों से संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने, गर्म कपड़े पहनने और नियमित दवाइयों का सेवन करने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने शरीरिक सक्रियता के लिये पैदल चलना, हल्का व्यायाम या योग करने की सलाह दी।



कलेक्टर को आपने बीच पाकर वृद्धाश्रम के बुजुर्ग भावुक हो गए । सर्दी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी बुजुर्गों को कंबल वितरित किए। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को निर्देशित किया कि बुजुर्गों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रहे और उनकी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर जीएम डीआईसी अनुराग वर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय महेश यादव तथा वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन इंडस्ट्री का निरीक्षण किया व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने दिए आवश्यक निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने शेरपुर स्थित निर्माणधीन दौलतराम इंडस्ट्री का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं, चल रहे कार्यों तथा बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने परिसर में सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति, सड़क व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों और इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों से चर्चा कर समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र में सभी आधारभूत सुविधाओं को सुचारु रखा जाए, जिससे उद्योगों को निर्बाध वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि उद्योगों की बेहतर कार्यप्रणाली जिले के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें और किसी भी शिकायत का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला औद्योगिक केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### एसआईआर पर भी युवाओं को ध्यान देने की जरूरत: राजीव गुजराती

# लोगों के अधिकारों के लिए लड़ना ही युवक कांग्रेस का प्रथम कर्तव्य: देवेन्द्र ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिला मुख्याल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर युवा कांग्रेस की चुनाव पश्चात प्रथम जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में आगामी 27 तारीख को भोपाल में होने वाले निर्वाचन आयोग के घेराव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई । जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुजराती ने कहा एसआईआर पर भी युवाओं को ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ के साथ घर-घर जाकर युवा कांग्रेस के साथी एसआईआर की प्रक्रिया को सही से करवाए और मतदाता को आ रही परेशानी को लेकर हमसे चर्चा करे जिससे कि सही मतदाता से उसका अधिकार न छीने। एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के विचारों को युवा कांग्रेस को बूथ स्तर तक ले जाने की जरूरत है आज राहुल गांधी जी लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और हमको उनके हाथ मजबूत करना है।




युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेन्द्र बोरदी ने कहा कि वोट चोरी रोकने के लिए आगामी 27 तारीख को होने वाले निर्वाचन आयोग भोपाल के घेराव में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और लोकतंत्र को बचाने कि इस लड़ाई में भागीदार बने। छात्र नेता हरिओम सिसोदिया ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका सीहोर विवेक राठौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील दुबे,पार्षद घनश्याम यादव, के के रिछारिया,तुलसी राठौर,चीनू ठाकुर, हर्षदीप सिंह, युवा कांग्रेस जिला महासचिव यशवंत सिंह, शहर अध्यक्ष रेहान नवाब, नरेंद्र पटेल, विक्रम दांगी,देवेन्द्र पटेल गाजना,रिजवान आष्टा, भारत सरकार, रुपेश मालवीय, शेखर जाट, दीपक बीरगोदिया, अभिषेक इंदौरिया, दिव्यांश, रवि, अनूप सिंह, नितिन, गोविंद, राहुल, विवेक, दीपक, अंकित, अर्जुन, संदीप, निखिल , अनिल, रामबाबू, विपिन, आशुतोष, अमित, सुमित ,ऋतिक , राजेश ,रवि, संजय, ऋतिक, कपिल, अमन, धनंजय, ऋषि, राजू, सतीश, सुरेश, अशफाक, विजय, राजेन्द्र, यशराज सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वेयरहाउस कर्मचारियों से बताया - सालों ने नहीं मिला वेयरहाउस जाने का कन्वेंस

# कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली गई पेट्रोल व्यय की राशि

## विडम्बना: प्रबंधक द्वारा सालों से हर महीने निकाले जा रहा सरकारी पैसा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एमपीडब्ल्यूएल कार्पोरेशन के ब्यावरा सर्किल में आने वाले 70 से अधिक वेयरहाउस में रखी फसलों की देखरेख व निरीक्षण के लिए विभाग द्वारा ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधक को कर्मचारियों के कन्वेंस के लिए पेट्रोल का पैसा दिया जाता है जिससे फसलों की देखरेख करने दूसरे वेयरहाउस तक पहुंचा जा सकें। परंतु जिम्मेदारों अधिकारियों ने मिलीभगत के चलते सालों से इस राशि की भी बंदरबांट हो रही है। इस बारे में जब 6-7 कर्मचारियों से बात की गई तो अधिकतर कर्मचारियों ने राशि न मिलने की बात कही। तो फिर वेयरहाउस प्रबंधक किनको यह राशि वितरित करते रहे यह जांच का विषय है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हरिभूमि ने अवैध रूप से आउटसोर्स में कर्मचारियों को सालों से वेतन मिलने का मामला भी प्रमुखता से उठाया था। जिसमें कुछ लोगों ने अपने ही परिवार के लोगों के नाम लिखकर उन्हें बिना काम किए वेतन दे रहे थे जो कलेक्टर डॉ मिश्रा की जांच में भी प्रमाणित हो चुका है। अब जिम्मेदारों से कब सरकारी पैसे की रिकवरी की जाएगी ?

### वाहन व्यय दिए जाने वाले कर्मचारियों के हस्ताक्षर का होना चाहिए सत्यापन

70 से अधिक वेयरहाउस में फसलों की देखरेख करने के लिए सरकारी जो पैसा प्रबंधक को भेज रही है उसे हर साल निकाला जाता रहा है और ब्हाउचर बनाकर कर्मचारियों को देना बताया गया है परंतु सच्चाई बिल्कुल ही उलट है। कई कर्मचारियों ने मुखर होकर वाहन व्यय के नाम पर मिलने वाला पेट्रोल का पैसा मिलने से साफ इनकार किया और उन्होंने बताया कि उनसे हस्ताक्षर भी कभी नहीं लिए गए तो फिर किसके द्वारा हस्ताक्षर कर यह पैसा ठिकने लगाया जाता रहा है। यदि कर्मचारियों के हस्ताक्षर का सत्यापन किया जाए तो मामले की सच्चाई सामने आ सकती है और सरकार के लाखों रुपए के घोटाले का पर्दाफाश हो सकता है।

### 25-30 हजार हर महीने आता है ऐट्रोल खर्चा

हर महीने कर्मचारियों की संख्या व काम के हिसाब से पेट्रोल का खर्चा आता रहा है। सूत्रों की माने तो ब्यावरा वेयरहाउस में हर महीने 25 हजार से 30 हजार के बीच पेट्रोल व्यय कार्यालय को प्राप्त होता है जिसे संबंधित वेयरहाउस प्रबंधक ही निकाल सकता है।

**इनका कहना है...**

*संबंधित कर्मचारियों को कन्वेंस दिया जाता है फिर भी आपने बताया है तो एक बार पुनः चेक करवा लेती हूं।*

*दीप्ती सिंह, प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस*

कार्य पूर्ण करने में 9 दिन शेष, जिले में 72 फीसदी कार्य निपटा

# एसआईआर: खेतों, बीहड़ों में वोटर्स को ढूंढकर फार्म भर रहे बीएलओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य गत 4 नवंबर से आरंभ हुआ था। निवार्चन से जुड़े अति-महत्वपूर्ण इस कार्य के शुरूआती दिनों में जिले की प्रगति भलेही काफी कमतर थी लेकिन अब अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग, बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) सहित कार्य से जुड़े समस्त लोकसेवकों के प्रयासों से एसआईआर कार्य 72 फीसदी के लगभग पूर्ण हो चुका है।

जिले की पांचों विधानसभाओं के प्रत्येक मतदान केंद्र हेतु नियुक्त बीएलओ लोगों के घरो, खेतों, बीहड़ों इत्यादि स्थानों पर पहुंचकर इस काम को तन्मयता से करने में लगे हुए हैं। उक्त कार्यपूर्णता की अंतिम तिथि 4 दिसंबर निर्धारित है। अगर इसी गति से समस्त अमला जुटा रहा तो राजगढ़ जिला प्रदेश के चुनिंदा जिलों की फेहरिश्त में खड़ा हो सकता है। फिलहाल हम प्रदेश के अंडर 15 जिलों में चल रहे हैं।

### महिलाओं के फार्म भरने में आ रही ज्यादा दिक्कतें

शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा दिक्कतें या विलंब उन महिलाओं के फार्म भरने में हो रहा है जिनका विवाह 2003 के पूर्व हुआ है। इन महिलाओं को अपने मायके से पिता या माता की डिटेल मंगवाकर फार्म्स फिलअप करवाए जा रहे हैं। इसके उपरान्त ही बीएलओ निर्धारित एप पर उन फार्म्स का डिजिटाईजेशन कर रहे हैं।

### देर रात तक कर रहे काम

एसआईआर से संबंधित इस काम में न केवल बीएलओ बल्कि निकायों एवं आंगनवाड़ियों का अमला, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य कर्मचारी भी जुटे हुए हैं। अधिकारियों द्वारा भी प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक एसआईआर प्रगति की मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है।

# ओल्ड एबी रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नपा ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुराने एबी रोड पर अतिक्रमण का मुद्दा लंबे समय से शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। सड़क के किनारे अस्थाई कपड़ों सहित अन्य दुकानों के लग जाने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई अस्थाई दुकानदारों ने हजारों रुपए देकर सड़क पर अपनी दुकानें जमा ली हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि ये अस्थाई दुकानदार जिस जमीन पर बैठे हैं, वह सरकारी है और उसका किराया नगर पालिका को मिलना चाहिए। लेकिन इसकी जगह कुछ स्थाई दुकानदार ही अनाधिकृत रूप से यह किराया वसूल रहे हैं। इस अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सोमवार को नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे ने नपा कर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई। टीम ने हाईवे के समीप किए गए अतिक्रमणों की पहचान की और संबंधित दुकानदारों को तुरंत हटने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह सहित पुलिस बल तथा नगर पालिका का पूरा अमला मौजूद रहा। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक जगहों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

कर्मचारियों व आमजनों हेतु हेलमेट की अनिवार्यता संबंधी आदेश भी जारी

# हेलमेट जरूर पहनें क्योंकि घर पर कोई आपका इंतेजार कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में बढ़ते सड़क हादसों को नियंत्रित करने पुलिस एवं प्रशासन द्वारा तमाम तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस विभाग ने जहां अपने समस्त अमले के लिए पूर्व से ही हेलमेट पहनकर ही बाईक चलाना अनिवार्य कर दिया है। वहीं अब प्रशासन ने भी दो पहिया वाहन चलाने वाले एवं पीछे बैठे व्यक्तियों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता संबंधी आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के तहत समस्त शासकीय सेवकों को निर्देशित किया गया है कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें। बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते पाये जाने पर पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी। उक्त आदेश का कढ़ाई से पालन करना सुनिश्चित करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट परिसर स्थित विभिन्न विभागों के कईं कर्मचारी रोजाना बाईक से दफ्तर पहुंचते हैं परन्तु उनके द्वारा हेलमेट नहीं पहना जाता है। ऐसे ही कर्मचारियों व उनके परिवार के हित में यह आदेश जारी किया गया है।

### जो बगैर हेलमेट नजर आ रहे उनकी लग रही क्लास

बगैर हेलमेट के बाईक चलाने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारियों पर उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर विशेष नजर रखी जा रही है। कुछ कर्मचारियों को ऐसे स्थानों पर तैनात किया गया है जहां से वे बगैर हेलमेट बाईक चला रहे पुलिसकर्मियों पर सतत नजर बनाकर रख रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित तोलानी द्वारा ऐसे कर्मचारियों की क्लास भी ली जा रही है।

# 181 से पहले किसान कृषि मंडी की हेल्प डेस्क की लें मदद




**खुजनेर।** कृषि उपज मंडी समिति खुजनेर में विक्रय करने वाले पंजीकृत भावान्तर भुगतान योजना 2025 किसान भाईयों से नम्र निवेदन है कि भावान्तर भुगतान योजना के अन्तर्गत किसी भी प्रकार की समस्याएं खाता संशोधन भावान्तर भुगतान योजना की राशि एवं अन्य संशोधन हेतु या समाधान हेतु सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने से पूर्व आप कृषि उपज मण्डी समिति खुजनेर में स्थापित हेल्प डेस्क पर उपस्थित होकर समाधान करा सकते हैं। इस तरह की सूचना प्रकाशित कर सचिव ने किसानों की मदद के लिए एक कदम उठाया है जिससे किसानों को भविष्य में कितना लाभ होगा यह देखने केलिए इंतजार करना होगा।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन 110 लोगों की हुई जांच, 39 चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



श्री श्याम परिवार एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बालाजी मैरिज गार्डन में नेत्र शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ती रही।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 110 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 39 मरीजों का ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु चयन किया गया। चयनित सभी मरीजों को आगे चिरायु मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। नेत्र शिविर का शुभारंभ श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा प्रतिनिधि नगर पालिका सारंगपुर निलेश वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने शिविर के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया और बताया कि ऐसे आयोजन से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बड़ी राहत मिलती है। इस दौरान प्रकाश सोनी, महेश पाटीदार, जुगराज विश्वकर्मा, मनीष चैरसिया, कमल चौरसिया, सुरेश जाटव, धर्मेंद्र मालवीय, जितेंद्र मालवीय, हरीश पुष्पद, जितेंद्र पुष्पद, अंशुल पुष्पद, विजय अटनेरिया, संजू कुशवाहा, गुंजन सोनी, गोवर्धन दांगी, मनीष सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि आगे भी समाजहित में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से लगाए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों को समय पर उपचार मिल सके।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पहुंचे ब्यावरा, हुआ स्वागत



**ब्यावरा।** भाजपा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष व युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे संगठन कार्य के लिए ग्वालियर संभाग के प्रवास के दौरान ब्यावरा मंडल में उनका कुछ समय के लिए प्रवास हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने भोपाल बाईपास पर पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान निशांत खरे का आगमन जिओ रिलायंस पेट्रोल पंप हुआ उनका स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। भाजपा नेता गोपाल बादशाह, मंडल अध्यक्ष राजू यादव एवं साथियों ने माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत खरें ने सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा की बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया और अपना भी परिचय सभी कार्यकर्ता को उन्होंने दिया कोरोना कल के दौरान डॉ निशांत खरे की बहुत सरहानीय भूमिका रही, डॉक्टर निशांत खरे पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं वर्तमान में ग्वालियर संभाग का प्रभार संगठन ने उन्हें सोप है मध्य प्रदेश की तमाम ट्राईबल सीटओं के वो प्रभारी हैं संगठन के सिपाही होने के नाते उन्होंने सभी दायित्वों का बखूबी में निर्वाह किया है।

# लाडनपुर के सरपंच ने मतदाता सूचियां फाड़ी, सचिव से की अभ्रदता

## सचिव संघ ने प्रशासन और पुलिस को दिए आवेदन



**राजगढ़।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत लाडनपुर के सरपंच द्वारा मतदाता सूचियों संबंधी कार्य कर रहे सचिव विनय सिंह पाल से गाली गलौच करते हुए मतदाता सूचियां फाड़ने का मामला सामने आया है। इसके पहले सरपंच ने सचिव पाल सहित जिले के आलाधिकारियों एवं शासन को भी गालियां दीं जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। घटना के बाद सोमवार शाम पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव संगठन ने 3 दिवस में लाडनपुर के सरपंच को तीन दिवस में पद से पृथक करने संबंधित आवेदन उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह चौहान को सौंपा। संगठन ने पुलिस अधीक्षक के नाम भी आवेदन देते हुए नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया की यदि सरपंच को आगामी तीन दिवस में पद से नहीं हटाया तो राजगढ़ ब्लॉक के सभी सचिव एवं रोजगार सहायक कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे।

वायरल ऑडियो में सरपंच सचिव को पंचायत बदलने की धमकी देते हुए शासन और जिले के अधिकारियों को जमकर अपशब्द कह रहे हैं।

# एसआईआर में अच्छा काम करने वाले बीएलओ व सहयोगी को किया सम्मानित



**जीरापुर।** एसआईआर का उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को अनुविभागीय अधिकारी अंकिता जैन द्वारा फूल माला प्रशस्ति पत्र पहनाकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा 163 खिलचीपुर अंतर्गत मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है जिसमें बीएलओ, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक द्वारा घर घर जाकर गणना पत्रक फॉर्म कलेक्ट करने का कार्य किया जा रहा है। एसआईआर में सबसे ज्यादा ईएफ डिजिटाइजेशन बीएलओ एप्प के माध्यम से नियत समयावधि दिनांक 4/12/2025 से पहले 22/11/2025 को 95 प्रतिशत सबसे अधिक कार्य किए जाने पर सम्मानित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अंकिता जैन ने बताया कि ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाना चाहिए ताकि सभी अधिकारी कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन समयावधि में करें। इस दौरान मतदान केंद्र क्रमांक 10 गोघटपुर बीएलओ मोहनलाल मतदान केंद्र 22 आदमपुरा कमलसिंह सरावत , मतदान केंद्र 41 पुरसिंह दांगी मतदान केंद्र 97 हरीगढ चन्दनदास वैरागी, मतदान केंद्र 147 देवकरण शर्मा , मतदान केंद्र 177 केशरपुरा बने सिंह वर्मा मतदान केंद्र 182 सादलपुर सुरेश कुमार दांगी ,मतदान केंद्र 223 डिगल्याखेडी भगवान सिंह एवं उनके सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

21 नवंबर से 04 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान

# पुरुष नसबंदी: परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत पुरुषों की नसबंदी करवाने जिले में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने पुरुषों को परिवार नियोजन हेतु आगे आने का आह्वान किया है। जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी पूरी तरह से सुरक्षित है, और यह महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बेहतर विकल्प है। डॉ. पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि परिवार की अधिकांश जिम्मेदारियां महिलाओं द्वारा निभाई जाती हैं लेकिन जब परिवार को पूर्ण करने की बात आती तब भी नसबंदी ऑपरेशन के लिए महिलाओं को आगे कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि महिला नसबंदी ऑपरेशन में कई बार जटिलताएं आ सकती हैं, इसके विपरीत पुरुष नसबंदी ऑपरेशन जिसे (नो स्कैल्पेल वैसेक्टॉमी भी कहा जाता है) पूरी तरह से सुरक्षित, सरल और प्रभावी है। इससे पुरुषों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### अधीनस्थ अमले को किया गया निर्देशित

सीएमएचओ ने समस्त मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लक्षित दंपत्ति के पुरुषों से अपील करें कि वे महिलाओं के सम्मान में और परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आगे आएं और परिवार की पूर्णता में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस पखवाड़े के दौरान पुरुषों को परिवार नियोजन के इस स्थायी और सुरक्षित तरीके के बारे में जागरुक करने के लिए जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सिविल सर्जन रजनीश शर्मा, डॉ आर के कठेरिया, आरएमओ अमित कोहली, डॉ. देवाशीष मर्सकोले सहित अस्पताल स्टॉफ मौजूद था।

# अभाविप की कॉलेज इकाई के अध्यक्ष विशाल दांगी व सुहानी बनीं मंत्री



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्यावरा द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नगर के कई विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद कॉलेज इकाई की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष विशाल दांगी तथा मंत्री सुहानी प्रजापति बनीं, उपाध्यक्ष,कल्पना सेन, हरिओम सोंधिया, राज बना, सहमंत्री भावना यादव, ईश्वर सोंधिया, संयोजक देवराज सह दीपक, आयुष सह अभिषेक ,कलमंच प्रमुख अमन,शिवम, खेलो भारत गतिविधि प्रमुख अंश सह गोविंद,सोशल मीडिया रोहित, अमन तथा ऋषभ एवं आकाश कार्यकारिणी सदस्य रहे, कार्यक्रम में श्रसौरभ प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना इस देश की बेटियों के लिए युगों युगों तक प्रेरणा स्त्रोत रहेगी।कार्यक्रम में जिला महाविद्यालय संयोजक जीत शिवहरे,जिला भविष्य त्रिवेदी,भाग संयोजक हार्दिक, नगर मंत्री राकेश सोंधिया, सहमंत्री सपना, धीर,भूपेंद्र विद्यालय संयोजक सुमित, अनिल, कान्हा,भूमिका आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय अंडर-18 क्रिकेट ट्रायल 27 को

**सीहोर।** आगामी दिसंबर में विदिशा में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसके लिए भोपाल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर एक दिवसीय क्रिकेट ट्रायल का आयोजन 27 नवंबर को शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में किया जाएगा। जो भी खिलाड़ी इस ट्रायल में शामिल होने का इच्छुक है वह अपने प्रमाण-पत्रों के साथ मैदान पर सुबह नौ बजे उपस्थित हो सकता है। टीम का गठन बीडीसीए के निर्देश पर किया जाएगा। इसको लेकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने आगामी 27 नवंबर से होने वाली एक दिवसीय अंडर-18 क्रिकेट टीम की ट्रायल के लिए एक समिति का गठन किया है। जिसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा कोच और सीनियर खिलाड़ी शामिल है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी दिसंबर को विदिशा में होने वाली जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए का गठन किया जाना है। इसके लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रायल में आने वाले खिलाड़ी आयु प्रमाण और आधार कार्ड आदि लेकर आए।

### आयोजन में सम्मिलित हुईं अरूणा राय

**सीहोर।** अयोध्या की तर्ज पर राठौर समाज श्रीराम मंदिर कस्बा में मंगलवार को श्रीराम जानकी मंगल विवाह महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अरूणा सुदेश राय ने सम्मिलित होकर माता सीता की प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना कर मंगल विवाह प्रांरभ किया। शुक्ल पंचमी को प्रभु श्रीराम-माता जानकी जी का विवाह हर्षोउल्लास से श्रद्धालुओं के द्वारा सम्पन्न कराया गया। आयोजन समिति के द्वारा रामजी की बारात निकाली गई।

### बीजेपी पार्षदों के पत्रों ने खोली पोल, नगर में सफाई व्यवस्था हुई ध्वस्त

# वार्डों में नहीं हो रही साफ-सफाई, पार्षदों ने पत्र लिखकर जताई अपनी नाराजगी

85 आउट सोर्स कर्मचारी हटाने से बिगड़ी नगर की सफाई व्यवस्था, अब जनप्रतिनिधियों ने सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की उठाई मांग।





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिवस नगर पालिका परिषद आष्टा ने 85 आउट सोर्स कर्मचारियों को बिना सूचना के हटा दिया था। जिनमें कई सफाई कर्मी भी शामिल थे और इन सफाई कर्मियों ने भी बिना सूचना, जानकारी के हटाने पर नगर पालिका के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। वही दूसरी और इन सफाई कर्मियों के हटने से शहर की सफाई व्यवस्था भी ध्वस्त होती हुई नज़र आ रही है या यह कहे की हटाए गए सफाईकर्मी के अभाव में नगर पालिका के 18 वार्डो में साफ सफाई की व्यवस्था बिगड़ चुकी है और बकायदा शहर के चुने हुए जनप्रतिनिधियो ने लिखित में नाराजगी जाहिर करते हुए सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है।

#### नगर में चहुंओर गंदगी, नहीं हो पा रही नालियों की सफाई, पत्र ने खोली पोल

नगर पालिका के 18 वार्डो की साफ सफाई की व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे सफाई कर्मियों के हटने से शहर में चहुंओर गंदगी का आलम है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। सड़कों पर कचरा पसरा हुआ है। वार्डो की गली मोहल्ले में सफाई का अभाव है। ऐसा लगता है नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पूर्णतया चरमराई हुई है। शहर की दशा देखकर लगता है सफाई व्यवस्था पालिका से नहीं संभल रही है। कई स्थानों पर तो आलम यह है कि पूरे रास्ते में कचरा बिखरा पड़ा रहता है। जिससे इन जगहों पर आवारा जानवरों का जमघट लगा रहता है। ऐसे में राहगीरों सहित वाहन चालकों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर के कई मुख्य मार्गों में कचरा पात्र के बाहर कचरे के ढेर लगे है। जिसमें पनपते मच्छरों ने आस-पास रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लेकिन पालिका को शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर जरा भी चिंता नजर नहीं आ रही है।

#### वार्ड 15,16 और 02 के भाजपा पार्षद ने पत्र लिखकर जताई नाराजगी

नगर के वार्डो में बिगड़ी सफाई व्यवस्था से भाजपा के जनप्रतिनिधियों के भी हाल बेहाल है और अब जनता के द्वारा चुने हुए पार्षदों ने भी अपने वार्डो की बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए नगर पालिका सीएमओ को पत्र लिखकर अपने वार्डो के लिए सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है वार्ड 16 के पार्षद रविन्द्र शर्मा ने बताया कि जबसे 85 आउट सोर्स कर्मचारियों को हटाया है जिनमें कई सफाई कर्मी भी शामिल थे तब से हमारे वार्ड की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह बिगड़ चुकी है क्योंकि जनसंख्या और क्षेत्रफल की दृष्टिहमारा वार्ड काफी बड़ा है और हमारे वार्ड में मोहल्लो की संख्या अधिक होने के कारण सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने की वजह से वार्ड की सफाई व्यवस्था बहुत ही खराब हो गयी है। यही स्थिति नगर के वार्ड 15 और वार्ड 2 की भी बनी हुई है वार्ड 15 से निर्दलीय जीतकर भाजपा में शामिल हुए तेजसिंह राठौर ने भी स्वीकारा कि कर्मचारियों के कम होने से सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है हमारा वार्ड भी नगर पालिका का सबसे बड़ा वार्ड है जिसके चलते कई मोहल्लों में साफ सफाई नहीं हो पा रही है नागरिक हमसे शिकायत करते हैं ऐसे में जनप्रतिनिधि होने के नाते वार्ड की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। वही वार्ड 2 अलीपुर के बीजेपी पार्षद कमलेश जैन ने भी बताया कि सफाई कर्मचारियों के हटने से सड़क, नालियों की साफ सफाई में परेशानी आ रही है और गंदगी के ढेर लगे होने से वार्ड वासी परेशानियों को हल करने के लिए हमे कहते हैं।

#### इन मोहल्लों में बिगड़ी सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग

शहर के वार्ड 16 के मेवाड़ा कॉलोनी,सांचोरा कॉलोनी,आदर्श कॉलोनी,सेमनरी रोड,चंदन नगर,अंजनी नगर,हनुमान मंदिर के आसपास,कन्नोद रोड,मुकाती पेट्रोल पम्प से भोपाल नाके, बजरंग कालोनी,सोनी लॉज, विनायक नेत्रालय,काला तालाब की पाल,आवास कालोनी,भोपाल नाके से शनि मंदिर और वार्ड 15 सहित वार्ड 2 के कई मोहल्लों में सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है जिसको लेकर वार्ड 16 के पार्षद रवि शर्मा ने 10 और वार्ड 15 के पार्षद तेजसिंह राठौर ने 7 वही वार्ड 2 के पार्षद कमलेश जैन ने 4 अतिरिक्त सफाई कर्मचारी की मांग की है।

# खाचरोद मंडल की बैठक में शामिल हुए विधायक

### एसआईआर को लेकर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

एस आईआर को लेकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विधानसभा क्षेत्र के खाचरोद मंडल के सभी 41 बुथों के बीएलओ दो की बैठक खामखेड़ा यात्रा में कर घर-घर पहुंच कर मतदाताओं से गणना पत्र के भरने के लिए मतदाताओं से संपर्क किया। खाचरोद मंडल की बैठक में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री जसवंत सिंह ठाकुर, आके सिंह ठाकुर, बहादुर सिंह ठाकुर, लाखन सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर और समस्त बुथो के अध्यक्ष गण, भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने खाचरोद मंडल अंतर्गत आने वाले सभी 41 मतदान केंद्रों के बीएल ओ दो से कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनिरीक्षण एस आईआर चल रहा है। हम सभी को गंभीरता से लेना है। इसके लिए हर कार्यकर्ता को रोजाना 4 दिसंबर तक कुछ समय निकालकर अपने बुथों पर जाना होगा। भारतीय जनता पार्टी की ओर से खाचरोद मंडल के सभी 41 मतदान केंद्रों के बीएल ओ नियुक्त किए गए हैं। सभी कार्यकर्त अपने-अपने क्षेत्र में सुनिश्चित होकि किसी पात्र मतदाता को एस आईआर की प्रक्रिया के दौरान कोई परेशानी ना हो जो पात्र थे उनके नाम जोड़े, जो अपात्र है यहां नहीं रहते उनके नाम न जोड़े। सभी कार्यकर्ता ग्राम में घर-घर जाकर एस आईआर के कार्य में सहभागिता कर मतदाताओं की मदद करें। हमें यह बताना होगा कि किसी मतदाता का नाम काटने के लिए नहीं है एसआईआर सिर्फ मतदाता सूची के सटीक शुद्धिकरण के लिए चलाया जाने वाला अभियान है। जोबीएल ओ नियुक्त किए गए हैं। वह कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही तो नहीं कर रहे हैं। खाचरोद मंडल की बैठक में बीएल ओ दो और मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कजलास के ग्रामीणों ने सीसी रोड की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

कजलास गांव वैसे तो 5000 आबादी वाली ग्राम पंचायत है लेकिन आज भी मूलभूत सुविधा से वंचित है युवा समाजसेवी सूर्यपाल सिंह ठाकुर ने जनपद सीईओ पंचायत सचिव एवं सरपंच से यह मांग करी की जो आठ नंबर वार्ड है उसमें रोड नहीं है उसके कारण वार्ड में पानी की वजह से गंदगी होती है ।

वार्ड नंबर 9 भी तो आज तक आजादी के पहले की फरसी लगी है जो की ग्रामीण जनों को चलने में समस्या आती है पशुओं को भी पांव फिसलने का डर रहता है गजेंद्रयोगी के घर से सुरेंद्र योगी के घर तक काफी विकट समस्या आती है ठाकुर ने सभी वार्ड वासियों के साथ मिलकर सरपंच से अनुरोध किया की आप जल्दी से जल्दी सीसी निर्माण करवये अगर 15 दिनों के अंदर रोड नहीं बनते हैं नाली नहीं बनती है तो फिर तहसीलदार को सभी वार्ड वासी मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे ।

मांग करने वालों में सूर्यपाल ठाकुर, मेंबर डमन सिंह ठाकुर, छगनलाल सेन, ज्ञान सिंह पटेल, कैलाश पाटीदार, विनोद ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, विजय ठाकुर, श्री राम ,पप्पू आदि लोग मौजूद थे।

# खामखेड़ा जत्रा में हुआ खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



सोमवार को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जात्रा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम हुए वहीं रस्सी कूद रास्ता काशी कबड्डी खो खो, क्रिकेट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही प्रतियोगिता में विजय टीम को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरित किया गया। संस्था के प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर ने खेल महोत्सव के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही विद्यालय के सभी स्टाफ ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, वीरेंद्र जैन, पूर्व सरपंच रोलागाव महेंद्र सिंह ठाकुर, सरपंच रामपुरा जितेंद्र कौशल, विधायक प्रतिनिधि लाखन सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच प्रेम नारायण वर्मा, सरपंच खामखेड़ा यात्रा, पीटीए अध्यक्ष बहादुर सिंह ठाकुर, अकेसिग ठाकुर, पूर्व सरपंच भील खेड़ी अकेसिग ठाकुर, सरपंच बड़घाटी रघुवीर सिंह ठाकुर, सरपंच भील खेड़ी धर्मेंद्र धनगर, सरपंच रोलागाव हमीर सिंह गोयल, राकेश सिंह ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, विजय सिंह ठाकुर आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे। वहीं संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, शिक्षक विनोद धरवा, कुमेर सिंह ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, अजहरुद्दीन खान, रामचरण मालवीय, गजराज सिंह मालवीय, हरि कुमार मालवीय, गंगाराम चौहान, करण सिंह मालवीय, विक्रम जांगड़ा, आनंद जायसवाल, रवि वर्मा, राजेश बड़वानी, पवन शर्मा, शरद मालवीय, अजय सिंह ठाकुर, पंकज, ऋषिता गठिया, मधु मालवीय, रेखा मलेशिया, किरण गुर्जर, नूपुर खरे, कोमल मालवी, अन्नपूर्णा मालवीय, सोनिया सिंह, अंतर मालवीय, नागोरी मैडम, पवन महेश्वरी, विनोद मालवीय सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नप उपाध्यक्ष ने बीएलओ के साथ मिलकर भरे फार्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के निर्देशानुसार लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के मार्गदर्शन में नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान ने बीएलओ के साथ 25 नवंबर 2025 को आष्टा विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद जावर वार्ड क्रमांक 06 में एस आई आर फार्म मतदाताओं से संपर्क कर तैयार करवाए गए।

इसी के साथ ही आवश्यक जानकारी दी गई स्थानीय कार्यकर्ता संयुक्त रूप से उक्त कार्य को संपादित किया गया।

### गंदगी करने व कचरा जलाने पर की कार्रवाई

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले के द्वारा शहर मे सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने पर चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। निगम के अमले द्वारा शहर के माउंट पब्लिक स्कूल आवास नगर के द्वारा स्कुल परिसर के बाहर कचरा जलाने एवं गंदगी फैलाने पर रूपये 5 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।इसी प्रकार ग्रीन बेल्ट मे अपने प्रतिष्ठान का प्रचार प्रसार करने हेतु विज्ञापन बोर्ड लगाने पर रूपये 2 हजार की चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला गया साथ ही उज्जैन रोड पर नगर निगम की बिना अनुमति के स्वेटर बाजार खेलने पर एबी रोड एवं उज्जैन रोड पर राजस्व, स्वास्थ्य अमले के द्वारा रूपये 10 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। चालानी कार्यवाही मे निगम प्र. राजस्व अधिकारी राम ठाकुर, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार शामिल थे।

### सेन थॉम एकेडमी में वार्षिक महोत्सव प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति में हुआ संपन्न

# वाइब्रेंट 2025 वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक महोत्सव "वाइब्रेंट 2025 – वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक समारोह" का उत्साह और उमंग के साथ भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना और सच्ची खेल–भावना से सराबोर था।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रितुराज, आईएएस, जिला कलेक्टर देवास ने अपने संदेश में विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों और सतत उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पुनीत गेहलोद, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक देवास ने कार्यक्रम के अनुशासित और ऊर्जा से भरे वातावरण की प्रशंसा की।

कुलविंदर सिंह गिल, अतिथि–विशेष, ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी।इस अवसर की शोभा बढ़ाने वाले अन्य अतिथियों में एम.पी. रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव नागेश व्यास, मार्थोमा ग्रुप ऑफ स्कूल्स के वाइस चेयरमैन रेव. टॉम्स निनन, चयन समिति एम.पी. वीमेन बास्केटबॉल की चेयरपर्सन ऋतु शर्मा तथा रेव. रिजू जॉन थॉमस, निदेशक, केएसके क्षिप्रा शामिल रहे।अतिथियों का हार्दिक स्वागत अध्यक्ष सुनील थॉमस, निदेशिका हैन्सी थॉमस और प्राचार्य पुनीत उपाध्याय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्वलित की गई खेल–मशाल से हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों द्वारा शांति, सद्भावना और सौहार्द के प्रतीक के रूप में कबूतरों और तिरंगे गुब्बारों को हवा में उड़ाया गया।दिन की शुरुआत आकर्षक और पूर्णतः समन्वित मार्च-पास्ट से हुई, जिसने अपनी अनुशासनपूर्ण प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। सेन थॉम एकेडमी के चारों सदनों के साथ-साथ हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स तथा स्कूल के ईको क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले ईको वॉरियर्स की विशेष टुकड़ियां भी परेड में शामिल थीं। जिससे विद्यालय के पर्यावरण–संरक्षण और जल–सुरक्षा के मिशन का संदेश सशक्त रूप से संप्रेषित हुआ।कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के लिए आयोजित रोमांचक ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं ने दर्शक–दीर्घा को पूरे समय उत्साहित रखा।

साथ ही, देशभक्ति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भावनाओं और राष्ट्र–गौरव से भर दिया।ट्रैक इवेंट्स के विजेताओं तथा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

# नगर परिषद सीएमओ ने किया एसआईआर केंद्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

वर्तमान में निर्वाचन नामावली कार्य अंतर्गत एसआईआर फॉर्म भरने के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर फार्म वितरित करते हुए पुनः जमा करने व ऑनलाइन करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उक्त कार्य की अंतिम दिनांक नजदीक है। मतदाता द्वारा अपना फार्म जमा नहीं करने की स्थिति में मतदाताओं के नाम कटने की संभावना रहेगी। साथ ही भविष्य में अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना भी करना पड़ेगा। सोमवार को केंद्रो के निरीक्षण के दौरान उक्त जानकारी देते हुए भौरासा सीएमओ सविता सोनी ने कहा कि मतदाता अपनी संपूर्ण जानकारी के साथ फॉर्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने बीएलओ या अपने वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र पर अविलंब जमा कराएं। यदि फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही हो तो अपने वार्ड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं नगर परिषद द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की सहायता ले सकते हैं। साथ ही इस अवसर पर नगर में बनाए गए वार्ड क्रमांक 3 वार्ड क्रमांक 6 उर्दू स्कूल सहित अन्य समस्त केन्द्रो का नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद अबरार गांधी के द्वारा भी निरीक्षण किया गया।